माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

दिनांक :– 13.02.2022

उच्च माध्यमिक प्रायोगिक परीक्षा–2022 बाबत
समस्त शाला प्रधान के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. वर्ष 2022 के नियमित परीक्षार्थियों की उच्च माध्यमिक प्रायोगिक परीक्षाऐं गत वर्ष अनुसार विद्यालय स्तर पर, विद्यालयों में अध्यापन करवा रहे योग्य विषयाध्यापकों से दिनांक 15 फरवरी, 2022 से 28 फरवरी 2022 के मध्य सम्पादित की जायेगी।
2. प्रायोगिक परीक्षाओं के दौरान राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 की जारी गाईडलाइन्स की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए। परीक्षाऐं उचित दूरी (Social Distancing) तथा परीक्षार्थियों एवं विषयाध्यापकों से मास्क लगवाकर सम्पन्न कराई जावे।
3. नियमित परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाऐं, विद्यालय स्तर पर ही, विषयवार योग्य विषयाध्यापकों से सम्पन्न कराई जावे।
4. जिन विद्यालयों में किसी विषय का विषयाध्यापक नियुक्त नहीं है, ऐसे विद्यालयों में समीप के किसी अन्य विद्यायल के विषयाध्यापक को नियुक्त कर परीक्षाऐं सम्पन्न करावें।
5. प्रायोगिक परीक्षाऐं बोर्ड द्वारा जारी विषयवार संक्षिप्त पाठ्यक्रम अनुसार सम्पन्न कराई जाएगी। विषयवार दिशा–निर्देश बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर पूर्व में जारी कर दिये गये हैं।
6. विद्यालयों की प्रायोगिक परीक्षा की सामग्री जिले के नोडल केन्द्रों पर प्रेषित की जा चुकी है। प्रायोगिक परीक्षा की सामग्री के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी के लिये कार्यालय के दूरभाष 0145–2623949 पर कार्यालय समय में की जा सकती है।
7. विद्यालयों में सम्पन्न कराई जाने वाली विषयवार प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित कर जिला शिक्षा अधिकारी को कम से कम तीन दिवस पूर्व प्रेषित करें तथा परीक्षा कार्यक्रम की विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर परीक्षार्थियों को अवगत करावें।
8. विद्यालय की विषयवार परीक्षा बोर्ड नियमानुसार सम्पन्न कराकर, विषयाध्यापक द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का अंकन कर, उसके द्वारा ली गई परीक्षा के अंक तीन दिवस में बोर्ड को ऑनलाईन प्रेषित करेंगे जिसका लिंक बोर्ड वेबसाईट के जरिये सूचित किया जाएगा तथा विद्यालय की समस्त प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात् ऑनलाईन भेजे अंकों का प्रिन्ट निकालकर एक लिफाफे में रखकर बोर्ड निर्देशानुसार भिजवाऐं। परीक्षा उपरान्त उत्तरपुस्तिकाऐं विद्यालय में ही विषयवार सुरक्षित रखी जावे, इन्हें बोर्ड द्वारा किसी भी समय मंगवाई जायेगी।
9. विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षा हेतु बनाये गए विषयवार बैच अनुसार यदि कोई परीक्षार्थी निर्धारित तिथि को परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसकी परीक्षा उक्त अवधि में ही संबधित विषयाध्यापक से सम्पन्न करावें।
10. किसी विद्यार्थी द्वारा ऐसे विषय का चयन किया गया है जिसका संचालन आपके विद्यालय में नहीं होता है, ऐसे विद्यार्थी की ऐसे विषय की प्रायोगिक परीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से अन्य विद्यालय में, उस विद्यालय के परीक्षार्थियों के साथ सम्पन्न कराई जावे।
11. प्रायोगिक परीक्षा प्रतिदिन दो बैचों में सम्पन्न करावें किन्तु किसी विद्यालय में किसी विषय में छात्र संख्या अधिक है तथा विद्यालय में लैब की पूर्ण क्षमता है तो कोविड–19 प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए परीक्षा तीन बैच में सम्पन्न कराई जा सकती है।

प्रायोगिक परीक्षा के सम्पादन में किसी प्रकार की जानकारी के लिये संबधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अथवा बोर्ड के नियत्रंण कक्ष के दूरभाष 0145– 2620739, 2623776 तथा प्रायोगिक परीक्षा की सामग्री के संबंध में दूरभाष संख्या 0145–2623949 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(राजेश निर्वाण)
मुख्य नियंत्रक, परीक्षा